दूरस्थ शिक्षा निदेशालय
उच्च शिक्षा और शोध संस्थान
दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, मद्रास
एम.फिल. प्रवेश परीक्षा
3 दिसंबर 2006

समय : 1 ½ घंटे
पूर्णांक : 100

खण्ड – अ

साहित्य

किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2x15 = 30**

1. **'रासो'** शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए आदिकाल के प्रमुख रासो साहित्य का परिचय दीजिए।

2. भक्तिकाल की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

3. रीतिकालीन साहित्य को प्रभावित करने वाली युगीन परिस्थितियों की विवेचना कीजिए।

4. हिंदी कहानी के विकास पर लेख लिखिए।

भाषा तथा व्याकरण

किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2x15=30**

5. भाषा और बोली के समान एवं विषम लक्षणों को स्पष्ट कीजिए।

6. स्थान के आधार पर हिंदी की व्यंजन – ध्वनियों के कितने भेद हैं? किन्ही चार पर विस्तृत चर्चा कीजिए।

7. देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर चर्चा कीजिए।

8. सर्वनाम की परिभाषा देते हुए उसके प्रकारों का संक्षिप्त परिचय उदाहरण के साथ दीजिए।

पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर

परीक्षा क्रमांक

हिंदी में	
अंग्रेजी में	

समय: 1 ½ घंटे

सूचना: 1. परीक्षार्थी इस पुस्तिका में कहीं भी अपना नाम न लिखें।
2. प्रत्येक प्रश्न के सामने दिए गए कोष्ठक में सही उत्तर से संबंधित वर्ण/अंक लिखें।

खंड – आ **40x1 =40**

1. **'रसगंगाधर'** ग्रंथ के रचयिता कौन हैं?
   क. वामन ग. मम्मट ( )
   ख. विश्वनाथ घ. जगन्नाथ
2. **'कविता के नये प्रतिमान'** पुस्तक के लेखक कौन हैं?
   क. नामवर सिंह ग. लक्ष्मीकांत वर्मा
   ख. जगदीश गुप्त घ. अज्ञेय ( )
3. कविता के क्षेत्र में **'आधुनिक मीरा'** किसे कहते हैं?
   क. कीर्ति चौधरी ग. शकुन्तला माथुर
   ख. महादेवी वर्मा घ. स्नेहमयी चौधरी ( )
4. मुक्त छंद की प्रथम कविता किस कवि ने रची?
   क. अज्ञेय ग. निराला
   ख. पंत घ. महादेवी वर्मा ( )
5. अज्ञेय द्वारा संपादित **'तार सप्तक'** श्रृंखला में कितने सप्तक प्रकाशित हुए?
   क. पॉच ग. चार
   ख. तीन घ. सात ( )
6. नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या है?
   क. वैद्यनाथ–मिश्र ग. बैजू मिश्र
   ख. बलदेव प्रसाद मिश्र घ. नामदेव मिश्र ( )
7. मुक्तिबोध की चर्चित लंबी कविता का क्या नाम है?
   क. आत्मजयी ग. संशय की एक रात
   ख. अंधेरे में घ. लोकायतन ( )

8. खड़ीबोली हिंदी का प्रथम महाकाव्य किसे माना गया है?

क. कामायनी | ग. प्रिय प्रवास
ख. जयद्रथ वध | घ. जयभारत ( )

9. किस कवि को राष्ट्रकवि की उपाधि से विभूषित किया गया है?

क. श्रीधर पाठक | ग. रामधारी सिंह **'दिनकर'**
ख. मैथिलीशरण गुप्त | घ. रामनरेश त्रिपाठी ( )

10. इनमें से किस रचनाकार की गणना छायावाद के प्रवर्तकों में की जाती है?

क. मुकुटधर पांडेय | ग. सुमित्रानंदन पंत
ख. महादेवी वर्मा | घ. निराला ( )

11. आधुनिक हिंदी की प्रथम मौलिक कहानी की लेखिका किसे माना जाता है?

क. बंग महिला | ग. उषादेवी मित्रा
ख. होमवती देवी | घ. तारा पांडेय ( )

12. इन कहानियों में प्रेमचन्द की कहानी कौन–सी है?

क. पत्नी | ग. खिलौने वाला
ख. ठाकुर का कुऑं | घ. खेल ( )

13. चंद्रधर शर्मा गुलेरी की किस कहानी को कहानी कला की दृष्टि से मील का पत्थर माना गया है?

क. उसने कहा था | ग. सुखमय जीवन
ख. बुद्धू का कॉंटा | घ. इनमें से किसी को नहीं ( )

14. किस कहानीकार की कहानियॉं **'गहन मनोवैज्ञानिक पकड़'** के लिए विख्यात है?

क. इलाचन्द्र जोशी | ग. निर्मल वर्मा
ख. मन्नू भंडारी | घ. प्रेमचंद ( )

15. जीवनी पुस्तक **'आवारा मसीहा'** के लेखक कौन हैं?

क. शरतचंद्र चट्टोपाध्याय | ग. विष्णु प्रभाकर
ख. पांडेय बेचन शर्मा **'उग्र'** | घ. फणीश्वरनाथ रेणु ( )

16. **'क्या भूलूँ क्या याद करूँ'** में किस रचनाकार की आत्मकथा वर्णित है?

क. सुमित्रानंदन पंत | ग. हरिवंशराय बच्चन
ख. निराला | घ. महादेवी वर्मा ( )

17. **'अरे यायावर! रहेगा याद,'** किसकी रचना है?

क. अज्ञेय | ग. राहुल सांकृत्यायन
ख. नागार्जुन | घ. शंकर दयाल सिंह ( )

18. रिपोर्ताज विधा का प्रादुर्भाव किस युद्ध के समय में हुआ था?

क. प्रथम विश्वयुद्ध | ग. भारत–चीन युद्ध
ख. द्वितीय विश्वयुद्ध | घ. भारत–पाकिस्तान युद्ध ( )

19. खड़ीबोली निबंधों के भीतर से अवधी, बैसवाड़ी एवं ब्रजभाषा के माधुर्य की झलक किस युग के निबंधों में मिलती है?
   क. द्विवेदी युग   ग. भारतेंदु युग
   ख. शुक्ल युग   घ. शुक्लोत्तर युग   (   )

20. **'कविता क्या है'** शीर्षक निबंध किसका है?
   क. महादेवी वर्मा   ग. निराला
   ख. अज्ञेय   घ. रामचंद्र शुक्ल   (   )

21. अनुसंधान परक आलोचना का विकास किस पत्रिका के प्रकाशन से हुआ?
   क. समालोचना   ग. समालोचक
   ख. नागरी प्रचारिणी पत्रिका   घ. आनंद कादंबिनी   (   )

22. निम्न दिए हुए संस्मरण और रेखाचित्र में कौन सी रचना महादेवी वर्मा की नहीं है?
   क. पथ के साथी   ग. अतीत के चलचित्र
   ख. स्मृति की रेखाएँ   घ. हमारे आराध्य   (   )

23. जयशंकर प्रसाद का कौन–सा नाटक **'समस्या नाटक'** के रूप में महत्वपूर्ण है?
   क. राज्यश्री   ग. सज्जन
   ख. प्रायश्चित्त   घ. ध्रुवस्वामिनी   (   )

24. **'अंधेर नगरी'** किस प्रकार की रचना है?
   क. एकांकी   ग. रूपक
   ख. प्रहसन   घ. नाटिका   (   )

25. आधुनिक हिंदी एकांकी का जनक किसे कहा जाता है?
   क. जगदीश चंद्र माथुर   ग. रामकुमार वर्मा
   ख. सेठ गोविंद दास   घ. उदय शंकर भट्ट   (   )

26. **'घासीराम कोतवाल'** तथा **'हल्ला बोल'** नाटकों के लेखक कौन हैं?
   क. गिरीश कार्नाड   ग. सुरेन्द्र वर्मा
   ख. विजय तेंदुलकर   घ. मणि मधुकर   (   )

27. देवकीनंदन खत्री का उपन्यास **'चंद्रकांता'** किस श्रेणी का है?
   क. सामाजिक   ग. तिलस्मी
   ख. जासूसी   घ. रोमानी   (   )

28. **'परीक्षा गुरु'** उपन्यास के लेखक कौन हैं?
   क. राधाकृष्ण दास   ग. किशोरीलाल गोस्वामी
   ख. बालकृष्ण भट्ट   घ. लाला श्रीनिवास दास   (   )

29. भारत के विभाजन की त्रासदी का वर्णन करने वाले उपन्यास इनमें से कौन सा है?
   क. तमस   ग. शेखर एक जीवनी
   ख. वे दिन   घ. दूसरी बार   (   )

30. तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाएँ किस भाषा परिवार से संबद्ध हैं?
क. आर्य भाषा परिवार ग. द्रविड़ परिवार
ख. भारत–भारोपीय भाषा परिवार घ. आधुनिक भारतीय आर्य भाषा परिवार ( )

31. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी है?
क. अनुच्छेद 343 ग. अनुच्छेद 346
ख. अनुच्छेद 344 घ. अनुच्छेद 342 ( )

32. भाषा के संदर्भ में गलत तथ्य कौन–सा है?
क. भाषा अर्जित संपत्ति है। ग. भाषा परिवर्तनशील है।
ख. भाषा अनुकरण द्वारा अर्जित की जाती है। घ. भाषा सामाजिक वस्तु नहीं है। ( )

33. अधिकतर भारतीय भाषाओं की लिपियों का विकास किस प्राचीन लिपि से हुआ?
क. ब्राह्मी लिपि ग. खरोष्ठी लिपि
ख. कुटिल लिपि घ. शारदा लिपि ( )

34. '**खड़ीबोली**' का दूसरा नाम क्या है?
क. कन्नौजी ग. कौरवी
ख. बघेली घ. मगही ( )

35. काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा '**हिंदी साहित्य का बृहत इतिहास**' कितने खंडों में प्रकाशित किया गया?
क. छह ग. बारह
ख. बीस घ. अठारह ( )

36. आदिकालीन कृति '**ढोला मारु–रा दूहा**' की गणना किस साहित्य के अंतर्गत की जाती है?
क. रासो साहित्य ग. जैन साहित्य
ख. सिद्ध साहित्य घ. लौकिक साहित्य ( )

37. '**कठिन काव्य का प्रेत**' किस कवि को कहा गया है?
क. केशव ग. चिंतामणि
ख. बोधा घ. ठाकुर ( )

38. '**बिहारी सतसई** ' में कितने दोहे हैं?
क. सात सौ तेरह ग. सात सौ
ख. सात सौ पंद्रह घ. सात सौ एक ( )

39. '**शिवाबावनी**' के रचयिता कौन हैं?
क. गोविंद सिंह ग. भूषण
ख. आलम घ. मंझन ( )

40. सूरदास की भक्ति–पद्धति का मेरुदंड कौन–सी भक्ति है?
क. वैष्णव भक्ति ग. रामभक्ति
ख. निर्गुण भक्ति घ. पुष्टिमार्गीय भक्ति ( )

******